I.G.N.O.U. Based

# NEERAJ®

# B.E.C.E.-107

## भारत में औद्योगिक विकास

## (Industrial Development in India)

By: *Renu Gupta*

***Question Bank** Cum **Chapterwise Reference Book***

***Including* Many Solved Question Papers**

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

**Sales Office:**
1507, Ist Floor, Nai Sarak, Delhi - 6
Ph.: 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501
E-mail: info@neerajignoubooks.com
Website: www.neerajignoubooks.com

MRP ₹ 240/-

***Published by:***

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**
*E-mail*: **info@neerajignoubooks.com**
*Website*: **www.neerajignoubooks.com**

| | | |
|---|---|---|
| ***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only*** | *Typesetting by:* ***Competent Computers*** | *Printed at:* ***Novelty Printer*** |


***Notes:***

1. *For the best & upto-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board /University.*
3. *The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and upto-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/University.*
4. *Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.*
7. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
8. *Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.*
9. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS/NEERAJ IGNOU BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
10. *Subject to Delhi Jurisdiction only.*

**© Reserved with the Publishers only.**

***Spl. Note:*** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## *How to get Books by Post (V.P.P.)?*

*If you want to Buy NEERAJ IGNOU BOOKS by Post (V.P.P.), then please order your complete requirement at our Website* ***www.neerajignoubooks.com****. You may also avail the 'Special Discount Offers' prevailing at that Particular Time ( Time of Your Order).*
*To have a look at the Details of the Course, Name of the Books, Printed Price & the Cover Pages (Titles) of our NEERAJ IGNOU BOOKS You may Visit/Surf our website* ***www.neerajignoubooks.com.***
*No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through V.P.P. Post Parcel. All The Payment including the Price of the Books & the Postal Charges etc. are to be Paid to the Postman or to your Post Office at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us by Charging some extra M.O. Charges.*
*We usually dispatch the books nearly within 4-5 days after we receive your order and it takes Nearly 5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take atleast 10 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*
( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )
***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***
***Ph. 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501***
*E-mail:* **info@neerajignoubooks.com** *Website:* **www.neerajignoubooks.com**

# CONTENTS

# भारत में औद्योगिक विकास
## ( Industrial Development in India )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


| | |
|---|---|
| *Question Paper—June, 2019 (Solved)* | 1-4 |
| *Question Paper—June, 2018 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2017 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2016 (Solved)* | 1 |


| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|

**भारतीय उद्योग और आर्थिक विकास**
**(Indian Industry and Economic Development)**


1. उद्योग और आर्थिक विकास ( Industry and Economic Development ) 1
2. उद्योग और क्षेत्रगत संबद्धता ( Industry and Sectoral Linkages ) 7
3. औद्योगिक संरचना ( Industrial Structure ) 14
4. आर्थिक सुधार और नई औद्योगिक नीति ( Economic Reforms and New Industrial Policy ) 19
5. औद्योगिक वर्गीकरण और आँकड़ों के स्रोत ( Industrial Classification and Sources of Data ) 27

**उद्योग की परिधि**
**( Boundary of Industry )**

6. संगठित व असंगठित औद्योगिक उद्यम ( Organised and Unorganised Industrial Enterprises ) 31
7. औद्योगिक वृद्धि और स्वरूप ( Industrial Growth and Pattern ) 35

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 8. | प्रमुख बृहत् उद्योग ( Major Large Scale Industries ) | 40 |
| 9. | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग ( Micro, Small and Medium Enterprises ) | 49 |
| | **औद्योगिक संगठन और स्वामित्व संरचना (Industrial Organisation and Ownership Structure)** | |
| 10. | सार्वजनिक क्षेत्र और जनोपयोगी सेवाएं ( Public Sector and Public Utilities ) | 55 |
| 11. | निजीकरण और विनिवेश नीति से संबंधित मुद्दे ( Privatisation and Issues Relating to Disinvestment Policy ) | 59 |
| 12. | निजी निगम क्षेत्र ( Private Corporate Sector ) | 65 |
| 13. | औद्योगिक प्रतिस्पर्धा और प्रतिस्पर्धा नीति ( Industrial Competition and Competition Policy ) | 72 |
| 14. | निगम नियंत्रण और व्यवसायों संबंधी नैतिक मूल्य और निगमों का सामाजिक उत्तरदायित्व ( Corporate Governance and Business Ethics and Corporate Social Responsibility) (CSR) | 79 |
| 15. | औद्योगिक विनियमन और कीमत निर्धारण नीतियाँ ( Industrial Regulation and Pricing Policies ) | 83 |
| | **औद्योगिक उत्पादकता ( Industrial Productivity )** | |
| 16. | उत्पादकता की अवधारणा और माप ( Approaches and Measurement of Productivity ) | 87 |
| 17. | भारतीय उद्योगों में उत्पादकता ( Productivity in Indian Industries ) | 90 |
| 18. | बड़े पैमाने की मितव्ययिता और अवसर की मितव्ययिता ( Economies of Scale and Scope ) | 94 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| | **उद्योग का वित्त-पोषण** (Financing of Industries) | |
| 19. | अंशपूंजी और ऋण के माध्यम से वित्त-पोषण (Financing Through Shares and Equity and Debt) | 99 |
| 20. | उद्योगों के लिए वित्त-पोषण (Financing for Industry) | 109 |
| 21. | वित्त-पोषण के बाह्य स्रोत (Source of External Financing) | 113 |
| 22. | प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और औद्योगिक विकास (FDI and Industrial Development) | 118 |
| | **अवस्थिति और प्रसार** (Location and Dispersion) | |
| 23. | उद्योगों की अवस्थिति (Industrial Location) | 121 |
| 24. | भारत में विसरण और क्षेत्रीय महत्त्व (Dispersion and Regional Disparity in India) | 125 |
| 25. | औद्योगिक संगुच्छ और विशष आर्थिक जोन (Industrial Clusters and SEZs) | 130 |
| | **औद्योगिक श्रम** (Industrial Labour) | |
| 26. | भारतीय उद्योग का रोजगार आयाम (Employment Dimension of India Industry) | 134 |
| 27. | औद्योगिक विनियमन और औद्योगिक संबंध (Industrial Regulation and Industrial Relations) | 139 |
| 28. | औद्योगिक मजदूरी (Industrial Wages) | 145 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 29. | असंगठित क्षेत्र उद्यमों के लिए सामाजिक सुरक्षा<br>( Social Security for the Unorganised Sector Enterprises ) | 151 |
| 30. | श्रम मानक और औद्योगिक वृद्धि<br>( Labour Standards and Industrial Growth ) | 155 |
| | **भारतीय उद्योग की चुनौतियाँ**<br>**( Challenges of Indian Industry )** | |
| 31. | वैश्वीकरण, प्रतिस्पर्धात्मकता और भारतीय उद्योग<br>( Globalisation, Competitiveness and Indian Industry ) | 160 |
| 32. | औद्योगिक रुग्णता और क्षमता का कम उपयोग<br>( Industrial Sicknesses and Underutilisation of Capacity ) | 163 |
| 33. | औद्योगिक प्रदूषण और धारणीय विकास<br>( Industrial Pollution and Sustainable Development ) | 172 |
| 34. | बहिरोत्पादन और उत्पादन प्रक्रिया का विखंडन<br>( Outsourcing and Fragementation of Production Process ) | 177 |

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

***(June – 2019)***

***(Solved)***

## भारत में औद्योगिक विकास

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *भाग 'क' से किन्हीं दो प्रश्नों के तथा भाग 'ख' से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

भाग-क

**प्रश्न 1. औद्योगिक स्थानिकता पर सार्जेंट और वेबर के सिद्धांतों में तुलना कीजिए।**

**उत्तर**–औद्योगिक विकास की अवस्थिति के स्वरूप का निर्धारण करने वाले कारकों को शामिल करने वाले आर्थिक कारकों द्वारा अर्थशास्त्रियों ने अवस्थिति सिद्धांत का विकास करने की कोशिश की है। इसमें उन्होंने स्थान विशेष तथा उद्योग का विकास और परिवेश में परिवर्तन जैसी गत्यात्मक शक्तियों को स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

बाद के अर्थशास्त्रियों ने औद्योगिक अवस्थिति के विभिन्न व्यापक तथा एकीकृत सिद्धांत प्रस्तुत किए। इन्हें तीन वर्गों में बाँटा जा सकता है–

(क) वेबर का निगमनात्मक सिद्धांत

(ख) सार्जेंट फ्लोरेंस का आगमनात्मक विश्लेषण

(ग) अवस्थिति के अन्य सिद्धांत।

**वेबर का निगमनात्मक सिद्धांत**

जर्मनी के अर्थशास्त्री अल्फ्रेड वेबर ने सबसे पहले अवस्थिति का वैज्ञानिक और व्यापक सिद्धांत दिया। इस सिद्धांत की चर्चा उन्होंने अपनी एक पुस्तक में की थी, जो 1909 में जर्मन भाषा में छपी तथा 1929 में उसका अंग्रेजी अनुवाद हुआ।

वेबर ने विश्लेषण की निगमनात्मक पद्धति का प्रयोग करके उन कारकों को विश्लेषित किया, जो एक उद्योग को विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों की ओर आकर्षित करते हैं।

**सार्जेंट फ्लोरेंस का आगमनात्मक विश्लेषण**

सार्जेंट फ्लोरेंस ने औद्योगिक अवस्थिति के एक नए उपागम का प्रतिपादन किया। उन्होंने उद्योग की अवस्थिति को भौगोलिक क्षेत्र की अपेक्षा जनसंख्या के वितरण से जोड़ा। इन्होंने औद्योगीकरण के स्थानीयकरण की मात्रा का सांख्यिकीय माप निकाला।

औद्योगिक अवस्थिति के सिद्धांत में उन्होंने दो नई अवधारणाओं को जोड़ा–

(क) अवस्थिति कारक

(ख) स्थानीयकरण का गुणांक

**(क) अवस्थिति कारक**–यह एक विशेष स्थान में उद्योग के केंद्रीकरण की मात्रा का सूचकांक है। यह सूचकांक विशेष उद्योग में निश्चित क्षेत्र में श्रमिकों के प्रतिशत और देश के कुल औद्योगिक श्रमिकों के अनुपात के विभाजन द्वारा निकाला जाता है। यह क्षेत्र देश के राजनीतिक विभाजनों के अनुरूप है।

**(ख) अवस्थिति का गुणांक**–यह किसी उद्योग के केंद्रीकरण की प्रवृत्ति को बताता है। इसे किसी विशेष उद्योग में कर्मकारों के क्षेत्रीय प्रतिशत तथा पूरे देश में कर्मकारों के तदनुरूपी क्षेत्रीय प्रतिशत से जितना ज्यादा है, उसका योग 100 से विभाजित है।

**इसे भी देखें–संदर्भ**–देखें अध्याय-23, पृष्ठ-123, प्रश्न 1

**प्रश्न 2. भारत के आर्थिक विकास में बड़े पैमाने पर उद्योगों की क्या भूमिका है?**

**उत्तर**–औद्योगिक विकास के स्तर का किसी देश की आर्थिक सम्पन्नता से सीधा सम्बन्ध है। विकसित देशों, जैसे–संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, रूस की आर्थिक सम्पन्नता इन देशों की औद्योगिक इकाइयों की प्रोन्नत एवं उच्च विकासयुक्त वृद्धि से जुड़ी है। औद्योगिक दृष्टि से अविकसित देश अपने प्राकृतिक संसाधनों का निर्यात करते हैं तथा विनिर्मित वस्तुओं को आर्थिक मूल्य चुकाकर आयात करते हैं इसीलिये आर्थिक रूप से ये देश पिछड़े बने रहते हैं।

भारत में विनिर्माण उद्योग का सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30% का योगदान है। इन औद्योगिक इकाइयों द्वारा करीब 280 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराए जाते हैं। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि निर्माण उद्योग राष्ट्रीय आय तथा रोजगार के प्रमुख स्रोत हैं। भारत में आधुनिक औद्योगिक विकास का प्रारंभ मुंबई में प्रथम सूती कपड़े की मिल की स्थापना (1854) से हुआ। इस कारखाने की स्थापना में भारतीय पूँजी तथा भारतीय प्रबंधन ही मुख्य था। जूट उद्योग का प्रारंभ 1855 में कोलकाता के समीप हुगली घाटी में जूट मिल की स्थापना से हुआ जिसमें पूँजी एवं प्रबंध-नियंत्रण दोनों विदेशी थे। कोयला खनन उद्योग सर्वप्रथम

www.neerajbooks.com



रानीगंज (पश्चिम बंगाल) में 1772 में शुरू हुआ। प्रथम रेलगाड़ी का प्रारंभ 1854 में हुआ। टाटा लौह-इस्पात कारखाना जमशेदपुर (झारखण्ड राज्य) में सन 1907 में स्थापित किया गया। इनके बाद कई मझले तथा छोटी औद्योगिक इकाइयों, जैसे-सीमेन्ट, कांच, साबुन, रसायन, जूट, चीनी तथा कागज इत्यादि की स्थापना की गई। स्वतंत्रता पूर्व औद्योगिक उत्पादन न तो पर्याप्त थे और न ही उनमें विभिन्नता थी।

स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत की अर्थव्यवस्था अविकसित थी, जिसमें कृषि का योगदान भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 60% से अधिक था तथा देश की अधिकांश निर्यात से आय कृषि से ही थी। स्वतंत्रता के 60 वर्षों के बाद भारत ने अब अग्रणी आर्थिक शक्ति बनने के संकेत दिए हैं।

भारत में औद्योगिक विकास को दो चरणों में विभक्त किया जा सकता है। प्रथम चरण (1947-80) के दौरान सरकार ने क्रमिक रूप से अपना नियंत्रण विभिन्न आर्थिक-क्षेत्रों पर बढ़ाया। द्वितीय चरण (1980-97) में विभिन्न उपायों द्वारा (1980-1992 के बीच) अर्थव्यवस्था में उदारीकरण लाया गया। इन उपायों द्वारा उदारीकरण तात्कालिक एवं अस्थाई रूप से किया गया था। अत: 1992 के पश्चात उदारीकरण की प्रक्रिया पर जोर दिया गया तथा उपागमों की प्रकृति में मौलिक भिन्नता भी लाई गई।

स्वतंत्रता के पश्चात भारत में व्यवस्थिति रूप से विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत औद्योगिक योजनाओं को समाहित करते हुए कार्यान्वित किया गया और परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में भारी और मध्यम प्रकार की औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की गई। देश की औद्योगिक विकास नीति में अधिक ध्यान देश में व्याप्त क्षेत्रीय असमानता एवं असंतुलन को हटाने में केन्द्रित किया गया था और विविधता को भी स्थान दिया गया। औद्योगिक विकास में आत्मनिर्भरता को प्राप्त करने के लिए भारतीय लोगों की क्षमता को प्रोत्साहित कर विकसित किया गया। इन्हीं सब प्रयासों के कारण भारत आज विनिर्माण के क्षेत्र में विकास कर पाया है। आज हम बहुत-सी औद्योगिक वस्तुओं का निर्यात विभिन्न देशों को करते हैं।

औद्योगिकरण न सिर्फ आय में वृद्धि करता है बल्कि रोजगार उपलब्ध कराकर श्रमबल को आकर्षित करता है। लोगों में क्रय शक्ति का विकास होता है जिससे मांग में भारी वृद्धि होती है। इससे उद्योगों के विकास को गति प्रदान होती है वहीं दूसरी ओर व्यापार एवं सेवा क्षेत्र के विकास में सहायता होती है। इस प्रकार अर्थव्यवस्था की मूल संरचना में आमूल-चूल परिवर्तन होता है।

**प्रश्न 3. स्वतंत्रता के समय भारत के औद्योगिक क्षेत्र की रचना पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर-संदर्भ-**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-14, 'उद्योगों की सामान्य संरचना', 'स्वतंत्रता प्राप्ति के समय प्रमुख उद्योगों का कार्य निष्पादन', 'सूती वस्त्र उद्योग', पृष्ठ-15, 'जूट उद्योग', 'लौह और इस्पात उद्योग', 'चीनी उद्योग', 'सीमेंट उद्योग', 'रसायन उद्योग'

**प्रश्न 4. विदेशी स्पर्धा के कारण भारतीय उद्योगों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है? भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धाशीलता बढ़ाने के उपाय क्या होंगे?**

**उत्तर-**अर्थव्यवस्था संबंधी कारकों में भारतीय उद्योगों की निम्न प्रतिस्पर्धात्मकता के मुख्य कारण इस प्रकार हैं-

(1) भारतीय उद्योगों के समक्ष एक बड़ी समस्या घरेलू माँग की प्रवृत्ति से संबंधित है। आंतरिक बाजारों में, कार्यात्मक क्षमता के साथ उत्पादों की कम कीमत के समक्ष सुरक्षा, सौंदर्य, सुदृढ़ता एवं आरामदायकता को अधिक महत्व नहीं दिया जाता।

दूसरे शब्दों में, भारतीय उद्योग निर्यात बाजारों में अधिक निवेश करना आवश्यक नहीं समझते क्योंकि यह निवेश जोखिमपूर्ण माना जाता है। ये उद्योग कम जोखिम के साथ-साथ कम लाभ को महत्व देते हुए घरेलू बाजारों पर अधिक ध्यान देते हैं। यही कारण है कि नवीनतम तकनीकों के प्रयोग से विदेशी उद्योग सरलतापूर्वक भारतीय बाजारों पर भी प्रभावी हो जाते हैं।

(2) भारतीय उद्योग को विदेशी स्पर्धा में माँग की अनिश्चितता के चलते पैमाने के लाभ प्राप्त करने की समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसी स्थिति में उद्योगों को तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है।

- ऐसी फर्म जहाँ औद्योगिक उत्पाद तथा फर्म की पैमाने की अर्थव्यस्था उपयुक्त हो।
- जहाँ औद्योगिक माँग उपयुक्त हों, परन्तु पैमाने की अर्थव्यवस्था अनुपयुक्त हो, साधारण तथा नीतिगत कारकों के कारण तथा
- जहाँ मांग एवं उत्पादन दोनों ही अनुपयुक्त हों।

(3) इसके अतिरिक्त, अन्य भारतीय-विशिष्ट कारक भी उद्योगों के समक्ष उत्पन्न हुई समस्याओं का कारण हैं, जैसे-भारत की जटिलता, विजातीयता, विशिष्टता, अराजक लोकतंत्र, व्यवसाय, औपनिवेशिक विरासतें, जटिल श्रम आदि।

भारतीय उद्योगों की कमजोर विदेशी प्रतिस्पर्धाशीलता के कारणों के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि भारत में सरकारी नीतियों ने किस प्रकार परस्पर सुदृढ़ प्रणालियों के द्वारा प्रतिस्पर्धा को जड़ से समाप्त होने से रोका है। उच्च संकेद्रण, विकास में बाधा, भावी प्रवेशकों की आशंका में कमी, आयात-प्रतिस्पर्धा के अस्तित्व पर रोक, बाह्यताओं में रुकावट, नियमों की शृंखला आदि के परिणामस्वरूप अप्रभावी फर्मों, लागत से अधिक मूल्य व्यवहार (Cost Plus Pricing Behaviour) तथा प्रत्यक्ष अनुत्पादक प्रक्रियाओं की रोकथाम संभव हुई है।

भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धाशीलता बढ़ाने के लिए निम्नलिखित आवश्यक हैं-

**(1) बाजार स्थितियों में परिवर्तन-**सर्वप्रथम, भारतीय उद्योगों को विश्वस्त कार्य करने की सोच विकसित करनी होगी। उपयुक्त बाजार स्थितियां उपलब्ध कराते हुए, भारतीय उद्योगों को समस्तरीय लचीलापन तथा आदानों तक पहुँच भी देनी होगी जैसे

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# भारत में औद्योगिक विकास
# ( Industrial Development in India )

## भारतीय उद्योग और आर्थिक विकास
## (Indian Industry and Economic Development)

## उद्योग और आर्थिक विकास
## ( Industry and Economic Development )

1

### परिचय

किसी देश विशेष के आर्थिक विकास का संबंध वहाँ की औद्योगिक वस्तुओं के उत्पादन की वृद्धि दर से प्रत्यक्षतः जुड़ा होता है। 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध में पश्चिमी यूरोप में औद्योगिक क्रांति की शुरुआत हुई। इसका मुख्य कारण विभिन्न मानवीय खोजें और तकनीकी विकास की उच्च क्षमता रहा है। तकनीकी विकास के फलस्वरूप औद्योगिक वस्तुओं के उत्पादन एवं गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। औद्योगिक वस्तुओं के उत्पादन से मनुष्य की कार्यविधियों में परिवर्तन के साथ-साथ राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी व्यापक परिवर्तन आया। औद्योगिक उत्पादन से पूर्व जहाँ मानवीय कार्यकलाप आत्मनिर्भर थे, वहीं अब औद्योगीकरण के कारण परस्पर निर्भरता अधिक महत्त्वपूर्ण हो गई।

### अध्याय का विहंगावलोकन

### औद्योगीकरण और आर्थिक विकास

औद्योगीकरण और आर्थिक विकास को समानार्थी माना जाता है, किन्तु यह भी सत्य है कि बिना मजबूत कृषि आधार के आर्थिक विकास के वर्तमान शिखर के करीब पहुँचना भी असंभव है। यद्यपि ऐसा देखा गया है कि किसी देश विशेष ने किसी अन्य देश के कृषि संसाधनों का उपयोग करके अपना आर्थिक विकास बेहतर ढंग से किया। स्पष्टतः माना जा सकता है कि कृषि संसाधन आर्थिक विकास में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका अवश्य निभाते हैं। हालांकि यह सर्वविदित तथ्य है कि तीव्र औद्योगीकरण के लिए तीव्र आर्थिक विकास होना जरूरी है, क्योंकि सिर्फ कृषि विकास के सहारे कोई भी देश औद्योगिक रूप से विकसित देशों की प्रति व्यक्ति आय के समानांतर नहीं पहुँच सका है।

**आर्थिक विकास का अर्थ**

आर्थिक विकास से तात्पर्य ऐसी प्रक्रिया से है, जिसमें समाज व्यापक रूप से असंतोषप्रद दशा से हटकर भौतिक रूप से बेहतर दिशा की ओर अग्रसर होता है। विकास किसी भी समाज में सर्वांगीण परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करता है। सभी समाजों में विकास के कम-से-कम तीन उद्देश्य आवश्यक हैं, जो निम्नलिखित हैं–

(1) अधिक रोजगार की व्यवस्था, बेहतर शिक्षा के अतिरिक्त अधिक आय सहित जीवन के स्तर का उन्नयन।

(2) जीने के लिए जरूरी मूलभूत वस्तुओं (रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य, सुरक्षा) की उपलब्धता बढ़ाने के साथ इनका समाज के प्रत्येक वर्ग तक व्यापक वितरण।

(3) व्यक्तियों और राष्ट्रों को उपलब्ध आर्थिक और सामाजिक विकल्पों के अवसरों को व्यापक बनाना, ताकि वे अन्य लोगों और राष्ट्र-राज्यों पर निर्भर न रहे।

अतः हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि आर्थिक विकास एक बहुआयामी प्रक्रिया है, जिसमें एक समाज, सामाजिक, आर्थिक और संस्थागत प्रक्रिया के समन्वय के माध्यम से बेहतर जीवन के लिए साधन हासिल करता है।

**औद्योगीकरण का अर्थ**

औद्योगीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा कृषि आधारित अर्थव्यवस्था उद्योग प्रधान अर्थव्यवस्था में परिणत हो जाती है। साथ ही कुछ अन्य महत्त्वपूर्ण परिवर्तन भी देखने को मिलते हैं–

- सर्वप्रथम देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि आय की हिस्सेदारी घटने लगती है तथा विनिर्माण क्षेत्रों से प्राप्त आय की भागीदारी बढ़ने लगती है। अंत में सेवा क्षेत्र की भूमिका भी महत्त्वपूर्ण होने लगती है।
- ऐसे राष्ट्र जिनकी राष्ट्रीय आय में खनन आय का योगदान अधिक हो, उन्हें औद्योगिक राष्ट्र नहीं कह सकते हैं, जैसे

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



ज्यादातर अफ्रीकन देशों में ऐसा ही हो रहा है अर्थात राष्ट्रीय आय में विनिर्माण क्षेत्रों की अग्रणी भूमिका जरूरी है।

- औद्योगीकरण के साथ-साथ श्रमिकों की संख्या में तीव्र वृद्धि आवश्यक है। चूंकि ऐसा माना जाता है कि श्रमिकों की सख्या में वृद्धि न होने का मूल कारण है औद्योगीकरण द्वारा जनसंख्या के बड़े हिस्सों को प्रभावित न कर पाना। अगर ऐसा होता है, तो इससे श्रमिकों के अनुपात में वृद्धि अवश्य होगी।

## विकासशील देशों में औद्योगीकरण के सकारात्मक प्रभाव

औद्योगीकरण का अर्थ है अर्थव्यवस्था के उत्पादन का औद्योगिक पद्धतियों में अंतरित होना। अधिकतर विकसित देश अत्यधिक औद्योगीकृत हैं। अत: अनेक अर्थशास्त्री यह मानते हैं कि यदि कोई विकासशील देश अपने आर्थिक विकास के बारे में गंभीर है, तो उसके लिए औद्योगीकरण कार्यक्रम शुरू करना आवश्यक है। इस दृष्टि से औद्योगीकरण आर्थिक विकास की एक पद्धति है, जिसमें समग्र रूप से अर्थव्यवस्था के लिए उच्च वृद्धि दर सुनिश्चित करने तथा आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन से उबरने में सक्षम और तकनीकी रूप से अद्यतन विविधतापूर्ण राष्ट्रीय उद्योगों के विकास हेतु संसाधनों का अधिकांश हिस्सा प्रयोग किया जाता है।

भारत के योजना आयोग ने अपनी पहली पंचवर्षीय योजनावधि में ही उन दो मुख्य घटकों को चिह्नित कर लिया था, जो तेज आर्थिक विकास में सहायक हो सकते थे। पहला, औद्योगिक क्षेत्रों में कृषि की अपेक्षा अधिक श्रमिकों की आवश्यकता होगी और दूसरा, कृषि क्षेत्र की अपेक्षा औद्योगिक क्षेत्र में निवेश की आवश्यकता अधिक होती है।

भारत जैसे विकासशील देशों में औद्योगीकरण के सकारात्मक प्रभाव देखने को मिले हैं। औद्योगीकरण के कुछ सकारात्मक प्रभाव निम्नलिखित हैं–

### आय में वृद्धि

विकसित राष्ट्रों का आर्थिक इतिहास यह दर्शाता है कि देश के आर्थिक विकास के साथ राष्ट्रीय आय में कृषि क्षेत्र का हिस्सा कम होता है जबकि औद्योगिक क्षेत्र का हिस्सा बढ़ता है। अत: औद्योगिक विकास आय को तीव्र वृद्धि के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है।

### अर्थव्यवस्था की संरचना में परिवर्तन

यह सर्वविदित है कि विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए कृषि क्षेत्र में बढ़ती हुई जनसंख्या कृषि उत्पादकता को प्रभावित करती है। फलस्वरूप इस क्षेत्र में वृद्धि की संभावना नगण्य हो जाती है, जबकि औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादकता वृद्धि में यह सहायक होती है। साथ ही तीव्र रोजगार वृद्धि की संभावना अधिक होती है। परिणामस्वरूप यह सकल घरेलू उत्पाद एवं राष्ट्रीय आय की वृद्धि में सहायक होता है।

### उच्च आय मांगें पूरी करना

हम जानते हैं कि कोई भी अर्थव्यवस्था बंद और एकांगी नहीं होती है। यद्यपि देश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार विनिमय में भाग नहीं लेते हैं, किन्तु वे क्षेत्रीय स्तर पर व्यापार-विनिमय प्रणाली में भाग लेते हैं। चूंकि कृषि अर्थव्यवस्था में मनुष्य की खाद्य आवश्यकताएं सीमित होती हैं अत: एक समय के बाद उनकी आय और उत्पादन में वृद्धि होती है, किन्तु आवश्यकताएं उतनी तेजी से नहीं बढ़तीं। यही कारण है कि इसको कृषि की निम्न आय मांग-लोच कहा जाता है जबकि मानव समुदाय उद्योग में अपनी उत्पादकता में वृद्धि करके उत्पादन और आय में वृद्धि कर सकता है। वस्तुत: विश्व का कोई भी देश अपने कृषि निर्यात से जो आय प्राप्त करता है, उससे अधिक वह अपने औद्योगिक आयात पर खर्च करता है। अत: विश्व के देशों को अपने तीव्र विकास के लिए कृषि उत्पादकता से अधिक औद्योगिक उत्पादन वृद्धि पर ध्यान देना जरूरी एवं लाभकारी होता है।

### व्यापार की शर्तों में गिरावट से उबरना

भारत जैसे विकासशील देशों में प्रचुर जनशक्ति और विभिन्न प्रकार के संसाधन उपलब्ध हैं। इसके बावजूद यूरोपीय देशों (जैसे इंग्लैंड, फ्रांस आदि), जहां अधिक प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध नहीं हैं, औद्योगीकरण की प्रक्रिया पहले प्रारंभ हुई, जिसके फलस्वरूप विकसित देश विकासशील देशों से कच्चा माल कम कीमत पर आयात करते तथा उनसे निर्मित माल ज्यादा कीमत पर निर्यात करते थे। लेकिन औद्योगीकरण के पश्चात विकासशील देश वस्तुओं के उत्पादन में आत्मनिर्भर होते जा रहे हैं, जिसके फलस्वरूप विकसित देशों के व्यापार की शर्तों में गिरावट आई है।

### अतिरिक्त श्रम का प्रयोग (रोजगार सृजन)

यह सर्वविदित है कि विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए कृषि क्षेत्र में बढ़ती हुई जनसंख्या कृषि उत्पादकता को प्रभावित करती है। फलस्वरूप इस क्षेत्र में वृद्धि की संभावना नगण्य हो जाती है, जबकि औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादकता वृद्धि में यह सहायक होती है। साथ ही तीव्र रोजगार वृद्धि की संभावना अधिक होती है। परिणामस्वरूप यह सकल घरेलू उत्पाद एवं राष्ट्रीय आय की वृद्धि में सहायक होता है।

### प्रौद्योगिकीय प्रगति लाना

औद्योगीकरण तथा अनुसंधान और विकास एक-दूसरे से संबंधित हैं। पूंजीगत वस्तुओं का उत्पादन करने वाले उद्योगों के विकास से देश बड़ी मात्रा में और कम लागत पर विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का उत्पादन करने में सक्षम हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप तीव्र प्रगति के लिए औद्योगिक सभ्यता का निर्माण होता है।

### अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना

किसी विकासशील अर्थव्यवस्था के विकास का तात्पर्य उसके औद्योगीकरण से लगाया जाता है। तीव्र औद्योगीकरण के परिणामस्वरूप ढांचागत क्षेत्रों में बदलाव आता है–

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



*(i)* रेलवे, बांध, सड़क निर्माण जैसी सुविधाओं, जिनका आयात नहीं किया जा सकता, का निर्माण करने में औद्योगीकरण एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

*(ii)* औद्योगीकरण देश के संसाधनों तथा जनशक्ति के अनुरूप उसके तुलनात्मक लाभों को परिवर्तित कर देश की अर्थव्यवस्था को लोच प्रदान की जा सकती है।

*(iii)* औद्योगीकरण के माध्यम से नई कृषि तकनीकों और मशीनों से उद्योग की तुलना में कृषि में श्रम उत्पादकता अधिक तेजी से बढ़ती है, जिससे कृषि उत्पाद कम खर्चीला हो जाता है।

*(iv)* देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी औद्योगीकरण अत्यंत आवश्यक है। केवल औद्योगिक विकास के माध्यम से ही रक्षा सामग्रियों के मामले में आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय उद्देश्य को हासिल किया जा सकता है।

**संबद्धता प्रभाव**

(1) औद्योगीकरण एक प्रक्रिया है जिसमें सकल घरेलू उत्पाद के औद्योगिक अंश में तीव्र वृद्धि होती है। औद्योगिक क्षेत्र की वृद्धि और इसकी कृषि के सार्थक तथा प्रभावी होने के लिए अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों में वृद्धि आवश्यक है।

(2) औद्योगीकरण की प्रक्रिया को तब तक व्यवहार में नहीं लाया जा सकता जब तक इसे कृषि क्षेत्र से पुरजोर समर्थन न मिले। दूसरी ओर औद्योगीकरण भी इस तरह के अवसर प्रदान करता है, जिससे कृषि उत्पादकता में सुधार होता है।

(3) साथ ही पुनः तीव्र औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है। तीव्र औद्योगीकरण से परिवहन की कार्यकुशलता भी बढ़ती है। सुनियोजित परिवहन व्यवस्था पुनः औद्योगीकरण को सुदृढ़ करती है।

## औद्योगीकरण की आलोचना

अर्थव्यवस्था से संबंधित कई विद्वानों ने तेज औद्योगिक विकास की आलोचना की है। इनका मानना है कि विकसित औद्योगिक देश की सकल राष्ट्रीय उत्पाद वृद्धि में उद्योग का योगदान ज्यादा होता है, क्योंकि कृषि आय की गणना सरकारी आंकड़ों में उपलब्ध नहीं होती है। चूंकि अधिकतर औद्योगिक उत्पाद सरकारी नियंत्रण से गुजरते हुए अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचते हैं, जबकि कृषि उत्पाद का ज्यादातर हिस्सा स्वयं उपभोग कर लिया जाता है। तीव्र औद्योगिक विकास ने पर्यावरण को प्रदूषित कर दिया है, जैसे–ओजोन परत का क्षय; जल, वायु, भूमि प्रदूषण की समस्याएं आदि।

तीव्र औद्योगीकरण के कारण शहरों का विकास तेजी से हो रहा है। परिणामस्वरूप भूमि उपयोग रूपांतरण में तेजी से परिवर्तन होने लगा है। कृषि योग्य भूमि में विभिन्न औद्योगिक एवं आर्थिक संस्थानों दोनों का विकास किया जा रहा है। फलस्वरूप कृषि भूमि उपलब्धता सीमित होती जा रही है। वस्तुतः विकास का स्वरूप इस प्रकार निर्धारित होना चाहिए कि वांछित लाभ प्राप्ति के साथ-साथ हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहे तथा समाज के सभी वर्गों को लाभ मिले एवं उनका समग्र विकास हो सके।

औद्योगीकरण आर्थिक विकास का एक साधन है, लेकिन यह अपने साथ अनेक समस्याएं भी लेकर आता है। इसका लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जोकि निम्नलिखित से स्पष्ट है–

**बेरोजगारी**

अनुसंधान और विकास औद्योगीकरण की प्रक्रिया से संबंधित है। मनुष्यों के स्थान पर कम्प्यूटर तथा मशीनों के प्रयोग को बढ़ावा मिलता है, जिसके परिणामस्वरूप अधिकाधिक लोग अपने आपको बेरोजगार पाते हैं।

**स्वास्थ्य जोखिम**

कम्प्यूटर तथा मशीनों के प्रयोग से मनुष्यों का काम कम हो गया है। शारीरिक श्रम तो बिल्कुल न के बराबर होता है, जिसके परिणामस्वरूप लोगों में मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और कई अन्य प्रकार की बीमारियों से पीड़ित होने की संभावना बढ़ गई है।

**प्रदूषण**

औद्योगीकरण की सबसे बड़ी देन है, बढ़ता हुआ प्रदूषण। कारखानों और फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं वायु को प्रदूषित करता है। ये फैक्ट्रियाँ अपना कूड़ा भी जल निकायों में बहा देती हैं, जिसके परिणामस्वरूप जल प्रदूषण तथा भूमि प्रदूषण बढ़ रहा है।

**उद्योगों की प्रकृति**

विकासशील अर्थव्यवस्था में उद्योगों का स्वरूप कैसा हो, वह कई कारकों पर निर्भर करता है, जैसे निर्यातोन्मुखी उद्योगों के विकास के लिए अधिक मात्रा में पूँजी की आवश्यकता पड़ती है, जबकि घरेलू मांगों को पूरा करने वाले उद्योगों के साथ ऐसा नहीं है। वस्तुतः दोनों प्रकार के उद्योगों के लिए उचित मात्रा में संसाधनों का बंटवारा जरूरी होता है।

## विकासशील देशों में औद्योगीकरण को बाधित करने वाले कारक

विश्व का कोई भी देश जो निर्धन एवं पिछड़ा हुआ है, उसे अपने औद्योगिक विकास के लिए कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है; जैसे–

**आर्थिक कारक**

विकासशील अर्थव्यवस्था वाले देश धन के अभाव में अपने आधारभूत साधनों का विकास नहीं कर पाते हैं, जैसे–परिवहन सुविधा का विकास, ऊर्जा की अनुपलब्धता, संचार, जल आदि। इसका प्रभाव उनके औद्योगिक विकास पर पड़ता है।

**सामाजिक जनसांख्यिकीय कारक**

*(i)* **जनसांख्यिकीय पहलू–**प्रायः विकासशील देशों में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि देखी जाती है, इससे उपभोक्ता के जीवन स्तर में वृद्धि तो होती है, लेकिन बचत की मात्रा अल्प होती है। फलतः अल्प बचत के कारण पुनः निवेश की संभावना नगण्य हो जाती है। जनसंख्या वृद्धि से श्रम बल में वृद्धि होती है, लेकिन उद्योगों के अल्प विकास के कारण कम श्रम की आवश्यकता होती है, परिणामस्वरूप कृषि क्षेत्रों पर दबाव बढ़ जाता है, जिससे कृषि उत्पादकता घटने लगती है।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



*(ii)* **सामाजिक पहलू**–अल्पविकसित देशों के निर्वाह क्षेत्रों के सामाजिक संगठन में विश्ववाद रूप में कुछ तत्व विद्यमान होते हैं जो औद्योगिक उत्पादन के नए ढांचे को प्रारंभ करने और नए ढांचे के आंतरिक विकास में गंभीर बाधा उत्पन्न करते हैं।

**प्रशासनिक कारक**

विकासशील देशों में औद्योगीकरण के विकास में नौकरशाही एवं लालफीताशाही बड़े अवरोधक हैं। साथ ही अकुशल प्रशासनिक प्रबंध के कारण लाइसेंस नीति भी बाधा पहुंचाती है।

**अंतर्राष्ट्रीय कारक**

विकासशील अर्थव्यवस्था वाले उद्योग विकसित देशों के औद्योगिक उत्पादों का सामना नहीं कर पाते हैं, चूंकि विकसित देशों के उत्पाद सस्ते एवं उत्तम क्वालिटी के होते हैं, क्योंकि उन्होंने उच्च तकनीकी क्षमता हासिल कर ली है, जबकि विकासशील अर्थव्यवस्था के उद्योगों के पास इसका अभाव है। अत: वे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रतिस्पर्धा का सामना नहीं कर पाते।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. आर्थिक विकास से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर**–आर्थिक विकास एक ऐसी प्रक्रिया है, जो औद्योगिक क्षेत्र और अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों के बीच दृढ़, अग्र एवं पश्चगामी संबंध स्थापित करती है। आर्थिक विकास एक बहुआयामी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा एक पूरी सामाजिक व्यवस्था तथा उस व्यवस्था के अंदर रहने वाले व्यक्तियों और सामाजिक समूहों की विभिन्न प्रकार की बुनियादी आवश्यकताओं और इच्छाओं में सामंजस्य बैठाया जाता है। सभी समाजों में आर्थिक विकास के कम-से-कम निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति होना आवश्यक है–

(1) अधिक रोजगार, बेहतर शिक्षा तथा बेहतर जीवन के स्तर का उन्नयन।

(2) जीवन के लिए आवश्यक बुनियादी वस्तुओं की उपलब्धता न केवल बढ़े, अपितु इनका व्यापक वितरण भी हो।

(3) व्यक्तियों और राष्ट्रों का अन्य लोगों और राष्ट्र-राज्यों पर निर्भरता से मुक्त होना।

अत: आर्थिक विकास भौतिक वास्तविकता और मनोभाव दोनों है, जिसके द्वारा एक समाज सामाजिक, आर्थिक और संस्थागत प्रक्रियाओं के समन्वय के माध्यम से बेहतर जीवन के लिए साधन हासिल करता है।

**प्रश्न 2. औद्योगीकरण की अवधारणा विकसित और विकासशील देशों के लिए किस तरह भिन्न है?**

**उत्तर**–आर्थिक विकास का दूसरा नाम औद्योगीकरण है। आज संसार के सभी देश मुख्यत: दो भागों में बंटे हुए हैं, जिसका मुख्य आधार आर्थिक विकास एवं उच्च आय दर है। विकसित देशों की अर्थव्यवस्था औद्योगीकरण पर टिकी हुई है, जबकि विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। औद्योगीकरण की सहायता से अर्थव्यवस्था के आकर्षण का केन्द्र कृषि से हटकर उद्योग बन जाता है। इस रूप से औद्योगीकरण उत्पादन के साधनों के लिए भारी उद्योग की स्थापना से प्रारंभ होता है। अधिकतर पाश्चात्य अर्थशास्त्रियों के अनुसार उद्योग और विकास में घनिष्ठ संबंध है, क्योंकि अधिकतर विकसित देश अत्यधिक औद्योगीकृत हैं। इस प्रकार यह दृष्टिकोण मुख्यत: विकसित देशों के लिए औद्योगीकरण के चरणों का उल्लेख करता है। इसके विपरीत विकासशील देशों की सामाजिक व आर्थिक व्यवस्था पिछड़ी हुई है। कुछ विकासशील देश बहुत छोटे हैं और उनके घरेलू बाजार अत्यंत सीमित हैं। अत: ऐसे देशों के लिए बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण संभव नहीं है। अत: ऐसे देशों के लिए औद्योगीकरण से तात्पर्य लघु उद्योगों की वृद्धि से होता है। लघु उद्योगों में नियोजित जनसंख्या के लिए आवश्यक खाद्यान्न और उत्पादन बढ़ाने के लिए उद्योग को सक्षम बनाने हेतु आवश्यक कच्चे माल की वृद्धि के बिना औद्योगिक विकास पर्याप्त रूप से आगे नहीं बढ़ पाता। अत: विकासशील देशों के लिए औद्योगीकरण से तात्पर्य है–

(1) उन्नत तकनीकों का प्रयोग करके कच्चे माल को अंतिम उत्पादन में बदलना।

(2) आधुनिक प्रबन्धकीय कौशलों को न केवल अपनाना बल्कि प्रयोग में भी लाना।

**प्रश्न 3. औद्योगीकरण के लाभ किस प्रकार दूसरे देशों में धीरे-धीरे पहुँचते हैं?**

**उत्तर**–औद्योगीकरण सकल घरेलू उत्पाद के आकार को मुख्य रूप से प्रभावित करता है। हम जानते हैं कि औद्योगीकरण के प्रारंभिक चरण में कृषि उत्पादों की बहुलता तथा आकार अधिक प्रभावी होता है, किन्तु आधारभूत ढांचे के विकास के कारण जब औद्योगीकरण अपनी उन्नत अवस्था में पहुंचता है, तो औद्योगिक उत्पादों की बहुलता एवं प्रधानता सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ जाती है।

औद्योगीकरण के कारण सकल घरेलू उत्पाद की बनावट में भी परिवर्तन अधिक होता है। औद्योगीकरण की आरंभिक अवस्था में उद्योग का स्वरूप खनन और बहुधा कम लाभदायक उत्पादों के निर्माण तक सीमित होता है, लेकिन जब औद्योगीकरण अपनी उच्च विकास अवस्था में होता है, तो विभिन्न प्रकार के औद्योगिक उत्पादों का विनिर्माण करने लगता है, जो औद्योगिक विकास में सहायक होता है।

औद्योगीकरण के कारण विकासशील अर्थव्यवस्था में श्रम बल की संरचना अधिक प्रभावित होती है। औद्योगिक पूर्व अवस्था में श्रम बल कृषि पर अधिक निर्भर रहता है, जहां कृषि उत्पादों की उत्पादकता और उत्पादन कम लाभदायक होता है। किन्तु हम उसी क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र मान सकते हैं, जो अपनी ओर कृषि श्रमिकों को आकर्षित कर सके। ऐसा देखा गया है कि औद्योगीकरण वाले क्षेत्रों में श्रमिकों के अनुपात में वृद्धि ज्यादा होती है। वस्तुत: औद्योगीकरण जनसंख्या के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करता है तथा उन्हें रोजगार के रूप में एक अच्छा विकल्प प्रदान करता है।

www.neerajbooks.com